
# यूजर मैनुअल ( नियोजक)


सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण हेतु नियोजक किसी भी ब्राउजर में सर्वप्रथम sewayojan.up.nic.in टाइप करें जिससे सेवायोजन पोर्टल का होम पेज खुल जायेगा. तत्पश्चात मुख्य पृष्ठ पर उपलब्ध "पंजीकरण" बटन पर क्लिक करें।




इस बटन पर क्लिक करने के उपरान्त "निःशुल्क अकाउन्ट बनायें" पेज खुल जायेगा जिस पर उपयोगकर्ता वर्ग में "नियोजक" चयन करें। तत्पश्चात अपना नाम, मोबाईल नम्बर, यूजर आई डी, पासवर्ड, ई-मेल इत्यादि प्रविष्ट करने के उपरान्त पोर्टल पर अपलोड करे।





तत्पश्चात आपके पंजीकृत मोबाइल पर एक वेरीफिकेशन कोड प्राप्त होगा। इस कोड को पोर्टल में प्रविष्ट करने के उपरान्त "डैश बोर्ड" पेज दिखायी देगा जिस पर "अधिसूचित रिक्तियां ", "अधिसूचित रिक्तियों के सापेक्ष आवेदित अभ्यर्थियों की सूची","जनपद वार रोजगार मेलों की सूची" एवं अन्य सूचनाएं प्रदर्शित होंगी .




किसी भी नियोजक द्वारा सेवायोजन पोर्टल की सेवाओं हेतु उक्त पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना आवश्यक है. नियोजक अपना पंजीकरण करने के लिए डैश बोर्ड पेज के "प्रोफाइल" मेनू पर क्लिक करें जिसके उपरांत प्रोफाइल पेज खुल जायेगा. उक्त पेज पर कंपनी/संस्थान का नाम, सेक्टर , कंपनी का पता , ई मेल, कंपनी की वेबसाइट, कंपनी की पंजीकरण संख्या, पेन कार्ड इत्यादि सूचनाएं प्रविष्ट कर सुरक्षित करें. इसके उपरांत सम्बंधित जिले के सेवायोजन अधिकारी द्वारा उक्त नियोजक द्वारा प्रेषित सूचनाओं का सत्यापन किया जाएगा. सत्यापन के उपरांत नियोजक के पंजीकृत मोबाइल एवं ई मेल पर सन्देश प्राप्त होगा कि "आपकी सूचनाओं का सत्यापन कर दिया गया है". सत्यापन के उपरांत नियोजक अपने संस्थान/ कंपनी में होने वाली


रिक्तियों को सेवायोजन पोर्टल पर अपलोड कर सकता है. नियोजक को सेवायोजन पोर्टल पर केवल एक बार ही पंजीकरण करना आवश्यक है.





नियोजक द्वारा पोर्टल पर पंजीकरण कराने के उपरांत अपने संस्थान / कंपनी में उपलब्ध रिक्तियों को सेवायोजन पोर्टल पर अपलोड किया जा सकता है. रिक्तियां अपलोड करने हेतु नियोजक को पोर्टल पर लोग इन करने के उपरांत डैशबोर्ड पेज पर जाना होगा. इस पेज पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में विभिन्न तिथियों में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों की सूची प्रदर्शित होगी. नियोजक उक्त तिथियों में होने वाले किसी भी रोजगार मेलें में प्रतिभाग कर सकता है. इस हेतु उसको आयोजित होने वाले रोजगार मेलों की इस सूची में "चुने" बटन पर क्लिक करना होगा.




जिसके उपरांत “रिक्तियों का अधिसूचन ” पेज खुल जायेगा.उक्त पेज पर नियोजक द्वारा अपेक्षित कर्मचारी का नाम, पदनाम, रिक्तियों की संख्या, वेतन, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, साक्षात्कार/लिखित परीक्षा का विवरण इत्यादि सूचनाएं प्रविष्ट करनी होंगी. . इसके उपरांत सम्बंधित जिले के सेवायोजन अधिकारी द्वारा उक्त नियोजक द्वारा प्रेषित सूचनाओं का सत्यापन किया जाएगा. सत्यापन के उपरांत नियोजक के पंजीकृत मोबाइल एवं ई मेल पर सन्देश प्राप्त होगा कि “आपकी सूचनाओं का सत्यापन कर दिया गया है”.


रिक्तियों का
अधिसूचन पेज
ऑनलाइन सेवायोजन प्रबंधन प्रणाली, उत्तर प्रदेश
SHIV SHANAKR
English Hindi
नियोजक
डैशबोर्ड
प्रोफाइल
रिक्तियों का अधिसूचन
रिक्तियों की सूची
आवेदित जॉब सीकर की सूची
रोजगार मेला में आवेदित जॉब सीकर की सूची
ई॰ आर॰ 1
पासवर्ड परिवर्तन
लोग आउट
• स्पेशल करैक्टर की अमान्य सूची.&!`#$%^+=[]<>?~ ^
• यदि आप इन करैक्टर का उपयोग करते है तो वे सिस्टम द्वारा स्वत: हटा दिए जायेंगे.&!`#$%^+=[]<>?~ ^
होम / रिक्तियों का अधिसूचन
रिक्तियों का अधिसूचन
रोजगार मेले का विवरण
रोजगार मेला आई॰डी॰:-942, प्रारंभ दिनांक:-30/06/2018, अंत दिनांक:-30/06/2018, मेला का स्तर:-ज़िला स्तर, मंडल:-, ज़िला:-वाराणसी, रोजगार मेले का स्थान:-क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर, चौकाघाट, वाराणसी ।
रिक्तियों का विवरण
* अपेक्षित कर्मचारी का पदनाम
* कार्यों का विवरण
* आयु सीमा (वर्ष) * न्युनतम Min आधिकतम Max
* अपेक्षित वर्ग समस्त पुरुष महिला विकलांग भूत पूर्व सैनिक खिलाडी
रिक्ति की प्रकृति ऑन रोल ऑफ रोल अन्य
* रिक्तियों की संख्या * वेतन (प्रति माह) --चयन करे-- वास्तविक वेतन वास्तविक वेतन
* अपेक्षित अभ्यर्थियों की संख्या
* अंतिम तिथि 30-06-2018 * कार्य स्थल PLACE OF WORK (NAME OF THE TOWN AND DISTRICT IN
* अपेक्षित जॉब सीकर का स्थान राज्य उत्तर प्रदेश जनपद समस्त जनपद आगरा अलीगढ़
जोड़े
अनिवार्य योग्यता
* शिक्षा समूह --चयन करे-- वर्ग (स्ट्रीम)
शिक्षा स्तर विषय
जोड़े
* शिक्षा का माध्यम --चयन करे-- वांछनीय भाषा
अपेक्षित अनुभव हाँ नहीं
* वांछनीय भाषा --चयन करे-- बोलना लिखना पढ़ना प्रवाह जोड़े
साक्षात्कार/परीक्षा का विवरण
* परीक्षा प्रकार लिखित परीक्षा वाक इन साक्षात्कार ग्रुप डिस्कशन मेरिट शारीरिक दक्षता टाइप टेस्ट
अनिवार्य प्रमाण पत्र हाई स्कूल इंटरमीडिएट स्नातक परास्नातक आई टी आई डिप्लोमा
जाति प्रमाण पत्र अनुभव प्रमाण पत्र विकलांग प्रमाण पत्र भूतपूर्व सैनिक खिलाड़ी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
* तिथि 30-06-2018 30-06-2018 समय hour मिनट Minute
* स्थान क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर, चौकाघाट, वाराणसी ।
* अन्य प्रासंगिक सूचना
रिक्ति भर्ती/विवरण(पीडीएफ़) Choose File No file chosen
सुरक्षित करें कैंसिल करें वापस जाये
© 2015
Powered by: NIC

उक्त सत्यापन के उपरांत यह रिक्तियां पोर्टल के होम पेज के "प्राइवेट नौकरिया" लिंक पर प्रदर्शित होने लगेंगी. अभ्यर्थी उक्त लिंक पर क्लिक कर इच्छित्त नौकरियों हेतु आवेदन कर सकता है. नियोजक द्वारा साक्षात्कार तिथि से तीन दिन पूर्व आवेदित अभ्यर्थियों को शोर्ट लिस्ट किया जायेगा. इस हेतु नियोजक अपने डैश बोर्ड के "रोजगार मेलें में आवेदित जॉब सीकर की सूची" लिंक पर क्लिक करेंगे. इससे "रोजगार मेलें में आवेदित जॉब सीकर की सूची" पेज खुल जायेगा. उक्त पेज पर अपनी कंपनी एवं रोजगार मेले की आई डी को चुनकर "खोजे" बटन पर क्लिक करें. जिससे नियोजक को उक्त पेज पर आवेदित जॉब सीकर की सूची प्राप्त हो जाएगी जिसमे अभ्यर्थी के नाम के सामने टिक करके उनको नियोजक द्वारा शोर्ट लिस्ट किया जा सकेगा. शोर्ट लिस्टेड किये गये अभ्यर्थियों को सेवायोजन अधिकारी द्वारा एस0एम0एस0 एवं ई मेल के माध्यम से रोजगार मेलें के स्थान, दिनांक एवं समय की जानकारी दी जाएगी. रोजगार मेलें में चयन के उपरांत नियोजक द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की सूची सम्बंधित सेवायोजन अधिकारी को उपलब्ध कराएगा.



“पासवर्ड परिवर्तन” लिंक पर क्लिक कर नियोजक अपना पासवर्ड परिवर्तन कर सकता है.
“लॉग आउट” लिंक पर क्लिक कर नियोजक वापस लोग इन पेज पर पहुँच जाता है.

